# बसुरिया के राशन विक्रेता को तीन साल की सजा

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश गाडरवारा के न्यायालय ने शासकीय उचित मूल्य दुकान बसुरिया के विक्रेता शिशिर बोहरे को शासकीय खाद्यान्न वितरण में लापरवाही करने के एक मामले में भारतीय दंड विधान संहिता की धारा 406 में 3 वर्ष के कठोर कारावास व एक हजार रुपए के अर्थदंड, तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 7 के अंतर्गत एक वर्ष के कठोर कारावास एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विकासखंड चीचली के रामनारायण दीक्षित ने सालीचौका पुलिस चौकी में लाखों रुपए की खाद्यान्न वितरण में अनियमित्ता किए जाने का आवेदन 9 मार्च 22 को प्रस्तुत किया था, जिसमें उल्लेख किया गया था कि सेवा सहकारी समिति बसुरिया द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान अमांडा दुकान का निरीक्षण 17 नवंबर 21 को किया गया।

जिसमें पाया गया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान बसुरिया के स्टॉक का भौतिक सत्यापन एवं पीओएस मशीन तथा पोर्टल पर स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन करने पर पाया की दुकान में मौके पर 18800 किलोग्राम गेहूं था, जबकि पोर्टल की स्टॉक रजिस्टर एवं पीओएस मशीन के अनुसार गेहूं के स्टॉक की मात्रा 39532 किलोग्राम होनी चाहिए थी, इस प्रकार 20732 किलो ग्राम गेहूं मौके पर कम पाया गया जिसका मूल्य 473477.42 रुपए, इसी प्रकार 5750 किलोग्राम चावल मौके पर था जबकि पोर्टल पोस मशीन के अनुसार स्टॉक की मात्रा 11171 होनी चाहिए।

## खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर दो हजार रुपए का अर्थदंड भी

इस प्रकार 5421 किलोग्राम चावल कम पाया गया, जिसका मूल्य 181073 रुपए, दुकान पर नमक 700 किलोग्राम मौजूद था जबकि पोर्टल एवं पीओएस मशीन के अनुसार स्टॉक की मात्रा 1202 किलोग्राम होनी चाहिए थी इस प्रकार 502 किलोग्राम नमक कम पाया गया। जिसका मूल या 4591 9 पैसे, दुकान में मौके पर शक्कर 150 किलो थी जबकि पोर्टल व पीओएस मशीन के अनुसार स्टॉक की मात्रा 265 किलोग्राम होनी थी।

इस प्रकार 115 किलोग्राम चक्कर कम पाई गई, जिसका मूल्य 4015 रुपए 11 पैसे की नुकसानी हुई। इस प्रकार कुल 663759 रुपए नुकसानी की अनियमितता बताई गई। पुलिस ने इस आवेदन पर भारतीय दंड विधान संहिता की धारा 420, 409 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत अपराध पंजीकृत विवेचना में लिया था।

इस प्रकरण पर न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने अपने फैसले में आरोपी शिशिर बोहरे निवासी बारहाबड़ा को भादवि की धारा 420 व 409 के आरोप से दोषमुक्त करते हुए भादवि की धारा धारा 406 एवं मध्य प्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की कंडिका 11 एक, 13 दो व 18 का उल्लंघन करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम धारा 7 के अंतर्गत दोष सिद्ध किया गया। जिसमें शासकीय उचित मूल्य दुकान बसुरिया के विक्रेता आरोपी शिशिर बोहरे को भारतीय दंड विधान संहिता की धारा 406 में 3 वर्ष के कठोर कारावास व एक हजार रुपए के अर्थदंड, तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 7 के अंतर्गत एक वर्ष के कठोर कारावास व एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।



# निकला मेंहदी ताजिया अलम जुलूस

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगर में मोहर्रम की 7 तारीख को नए बस स्टैंड काजी मोहल्ला से शाम के वक्त मेहदी ताजिया अलम का आलीशान जुलूस निकला। जो बंसल वाली गली से चौकी, चावड़ी, महावीर भवन, शक्ति चौक, शिवालय चौक से झंडा चौक होता हुआ वापस नए बस स्टैंड बाबली दरगाह शरीफ पहुँचा वहा पर जुलूस क् समापन किया गया।

मोहर्रम की 7 तारीख को रात्रि में इमामबाड़ों की सवारियो ने बाबाओ की आमद के साथ शहर में रन किया, देर रात तक मजमा रहा। दरगाहो इमामबाड़ों पर जायरीन अकीदत के साथ दीदार करने पहुचे व चादर संदल पेश किया। बड़ेवली इमामबाड़ा मोहर्रम पर आकर्षण का केंद्र बिंदु रहता है, यहां पर सभी सबारियो ने बाबाओ की आमद के साथ अपनी हाजिरी पेश की। नगर में सौहार्दपूर्ण वातावरण में मोहर्रम का पर्व मनाया जा रहा है। मोहर्रम पर्व को लेकर जुलूस व अन्य स्थानों पर पुलिस की बेहतर व्यवस्थाएं देखी जा रही हैं।

## सार-समाचार

### मेघावी विद्यार्थी एवं विशिष्ट प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**गाडरवारा, देशबन्धु।** सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा मेघावी विद्यार्थी एवं विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आज दिनांक 4 जुलाई को दोपहर 2 बजे से स्थानीय शासकीय कॉलेज ऑडिटोरियम में शिक्षा तथा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य, पूर्व विधायक संजय शर्मा की अध्यक्षता तथा पूर्व विधायक दीनदयाल ढ़िमोले, पूर्व विधायक नरेश पाठक, पूर्व विधायक साधना स्थापक, पंडित मैथिलीशरण तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा की विशिष्ट आतिथ्य में किया जा रहा है।

### धार्मिक आयोजन सहित धर्मानुरागियों का हुआ सम्मान-अभिनंदन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नरसिंह वरिष्ठ जन परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में पी डब्लू डी बरिया बारे हनुमान मंदिर परिसर में सुंदर काण्ड हनुमान चालीसा पाठ संकीर्तन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।भगवान के पूजन अर्चन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।साहित्यकार कवि अशोक त्रिपाठी ने सभी वरिष्ठ जनो का नमन करते हुए कहा कि परिषद द्वारा आयोजित सांस्कृतिक साहित्यिक सामाजिक राष्ट्रीय धार्मिक आयोजनों सहित वरिष्ठ बुजुर्ग जनों के निरंतर सम्मान अभिनंदन की श्रृंखला में आप सभी की सहभागिता उत्साह ऊर्जा और गरिमा देती है। परिषद अध्यक्ष गणेश कुमार चतुर्वेदी ने नियमित भक्ति सत्संग सहित जुलाई माह में पौधरोपण और उनके रख रखाव पर बल दिया। इस अवसर पर भक्ति सत्संग और धार्मिक आयोजनों में अपनी सक्रिय सहभागिता देने बाले सर्व प्रेमशंकर राघव डा केदार गुप्ता योगाचार्य प्रभात राय पं.सी बी शर्मा जनक लोधी संतोष राजपूत और योगेन्द्र सोनी का परिषद द्वारा पुष्पमाला शाल श्रीफल से स्वागत सम्मान और नागरिक अभिनंदन किया गया। वक्ताओं में डी डी गोस्वामी बी एस पटेल उमाशंकर उपाध्याय डा महेश त्रिपाठी सुबोध शर्मा एस के चतुर्वेदी अनिल राय कवि शंकर सहर्ष अशोक वर्मा पंडित एम एल हरदेनिया पं गणेश कुमार चतुर्वेदी ने सम्मानित बरिष्ठों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।संचालन कविवर अशोक त्रिपाठी ने व आभार प्रदर्शन अरुण कुमार खरे ने किया।आयोजन में बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

### 4.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर, देशबन्धु।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में बीते 24 घंटे के दौरान 4.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार स्थानवार वर्षा अनूपपुर 2.4 मिमी, बिजुरी 2.4 मिमी, वेंकटनगर 7.6 मिमी, पुष्पराजगढ़ 8.4 मिमी, अमरकंटक 13.0 मिमी, बेनीबारी 3.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। वहीं कोतमा और जैतहरी वर्षामापी केंद्रों पर वर्षा शून्य (निरंक) दर्ज की गई।जिले में मानसून की सक्रियता धीरे-धीरे बढ़ रही है, जिससे आगामी दिनों में वर्षा की गतिविधियों में और वृद्धि की संभावना जताई जा रही है।

### आधार कैम्पों के माध्यम से 51 नागरिकों के बनाए गए नए आधार कार्ड, 706 में हुआ सुधार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिले के समस्त नगरीय निकायों के वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने हेतु आधार कार्ड सुधार एवं निर्माण कार्य तेजी से जारी है। इसी क्रम में 1 एवं 2 जुलाई को आयोजित आधार कैम्पों के माध्यम से कुल 706 नागरिकों के आधार कार्डों में आवश्यक सुधार किया गया, जबकि 51 नागरिकों के नए आधार कार्ड बनाए गए हैं। ये कैम्प प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक जिले के विभिन्न वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जा रहे हैं। इन कैम्पों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र नागरिकों का आधार डेटा अद्यतन हो और वे समय पर शासकीय लाभ प्राप्त कर सकें। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय और स्थान पर पहुँचकर अपने आधार संबंधी कार्य अवश्य करवाएँ, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

# विधायक निवास में जनसुनवाई

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्यमंत्री एवं नरसिंहपुर जिले के पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल ने विधायक निवास नरसिंहपुर में जनसुनवाई आयोजित की।

इस अवसर पर आए जन सामान्य लोगो ने अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से बताया जिसपर तत्काल संज्ञान लेते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए जानकारी लेकर समस्याओं का निदान कराया।



जनसुनवाई में लगभग 112 आवेदनों की प्राप्ति हुई जिनपर संज्ञान लेते हुए उन्हें कार्यवाही हेतु आगे प्रेषित किया गया। आमजनों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहने वाले जनप्रिय समाजसेवी जालम सिंह पटेल द्वारा स्थानीय जनों की जनसमस्या हेतु प्रत्येक गुरुवार जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है।

जिसमें जिले भर से आए लोगों की बात सुन कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाता है।


जनसुनवाई के अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारीयो के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक जनपद सदस्य सीताराम नामदेव सहित सहित अनेक समाजसेवी जनप्रतिनिधि जनो की मौजूदगी रही।

# धूमधाम से निकाली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** गुरूवार को भगवान जगन्नाथ की श्रद्धाभक्ति के साथ रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होने हुए राम मंदिर पहुंची रथ पर सवार भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा विराजमान थीं। यात्रा के पहले सुबह की रस्में पूरी होने के बाद उत्साह और उमंग के साथ रथ को खींचने की प्रक्रिया शुरू हुई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं रथ को खींचा। गुरूवार को सुबह से मौसम खुला रहा और दोपहर तक कोई बारिश नही हुई। इसलिए श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ रथ को खींचते हुए नजर आए। जय जगन्नाथ की ध्वनि से पूराज नगर गुंजायमान रहा।

**जगह-जगह हुआ पूजन-अर्चन** - भगवान जगन्नाथ की यात्रा का जगह-जगह पूजन-अर्जन किया गया। श्रद्धालुओं के उत्साह व संख्या में कोई कमी नहीं देखी गई। श्रद्धालुओं ने नृत्य, गीत व संकीर्तन करते हुए पूरे उत्साह के साथ रथ खींचा। श्रद्धालुओं ने यात्रा के दौरान भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



### इस्कॉन मंदिर द्वारा आयोजित भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा कल

**गाडरवारा, देशबन्धु।** भक्ति जीवन बृजनंदन स्वामी महाराज इस्कॉन जगन्नाथ मंदिर बरमान घाट द्वारा कल दिनांक 5 जुलाई शनिवार को दोपहर 2 बजे से स्थानीय राम मंदिर गाडरवारा से भगवान जगन्नाथजी की रथ यात्रा निकल जाएगी। जो कि पानी की टंकी, पलोटन गंज, शासकीय चिकित्सालय, राठी तिराहा होते हुए नई गल्ला मंडी पहुंचेगी। आयोजन समिति ने सभी धर्म प्रेमी सज्जनों से इस अवसर पर उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# प्रेस फोटोग्राफर संजय राय का सम्मान



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** लीनेश क्लब द्वारा डॉक्टर डे पर आयोजित कार्यक्रम में मातृशक्तियों द्वारा नरसिंहपुर के प्रेस फोटोग्राफर संजय राय का सम्मान किया गया। संजय राय जो कि विगत 18 मई को केदारनाथ यात्रा के लिए गए हुए थे उनकी सफलतम यात्रा से वापस आने पर नरसिंहपुर नगर में समाज सेवा में अग्रणी रहने वाली संस्था जो किसी परिचय का मोहताज नहीं है।

**ऑल इंडिया लीनेश क्लब द्वारा सम्मान समारोह आयोजित**

हमेशा जनहित एवं सामाजिक कार्य में लगे रहने वाले प्रेस फोटोग्राफर संजय राय का सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संध्या कोठारी ने कहा ईश्वर से आस्था रखने वाला हर व्यक्ति धर्म जुड़ा हुआ रहता है।

हर व्यक्ति को अपने जीवन में तीर्थ स्थल पर जाना चाहिए। वहीं लिनेस क्लब की अध्यक्ष ज्योति तिवारी ने कहा कि कम उम्र में तीर्थ करना भी कहीं ना कहीं पारिवारिक संस्कारों को उजागर करता है। अंत में सभी मातृशक्तियों के द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# स्मार्ट मीटर लगने के बाद गलत रीडिंग की समस्या में आई कमी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** शहर में स्मार्ट मीटर लगाने कार्य अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। शहर में लगभग 19500 से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके। उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर के तेज चलने से संबंधित शिकायतों का भी समाधान किया जा रहा है।

आईसी उपभोक्ता जिनको शंका है कि उनके परिसर लगाया गया स्मार्ट मीटर फास्ट चल रहा है, वैसे उपभोक्ताओं के परिसर में टेस्ट मीटर लगा कर उनकी शंका को दूर किया जा रहा है। आज दिनांक तक कोई भी स्मार्ट मीटर तेज चलता नहीं पाया गया है। साथ ही उपभोक्ता अपने स्मार्ट मीटर की दैनिक विद्युत खपत की जानकारी भी स्मार्ट बिजली ऐप जो प्ले स्टोर से डोन लोड की जा सकती है उसपर देख सकते हैं।

स्मार्ट मीटर लगाने के बाद गलत रीडिंग के बिल की समस्या लगभग नगण्य हो गई है। इस संबंध में विद्युत विभाग के सहायक अभियंता नरसिंहपुर शहर प्रसून शर्मा ने बताया कि रीडिंग में लगे कर्मचारयो को अब विद्युत व्यस्था सुधार में लगाया जा रहा है जिससे शहर की विद्युत व्यवस्था पर अधिक से अधिक काम किया जा सके। स्मार्ट मीटर लगाने के बाद शहर में अब विद्युत बिल में गड़बड़ी से संबंधित समस्या बहुत कम हो गई है,इसके साथ ही जो उपभोक्ता पहले चोरी से बिजली का उपयोग करते थे उनको विरुद्ध कार्यवाही आसान हो चुकी है, तथा ईमानदार उपभोक्ताओं को गुणवत्ता पूर्ण विद्युत सप्लाई दी जा रही है।

# एकल अभियान फाउंडेशन बरमान की उपशाखा का शुभारंभ

**करेली, देशबन्धु।** गत 2 जुलाई को एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन केंद्र मिढ़ली बरमान के अंतर्गत चलने वाले डब्ल्यूईसी केंद्र के अंतर्गत आज तहसील करेली में महिला सशक्तिकरण केंद्र के रूप में सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर सेंटर का शुभारंभ किया गया।



इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि करेली नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप ममार विशिष्ट अतिथि सत्यप्रकाश साहनी, एकल समिति के अध्यक्ष सुरेश मोहन नेमा प्रज्ञा लूनावत मीना मंडलोई संगीता शर्मा इकबाल कौर प्रदीप जैन एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के केंद्रीय सहयोजना प्रमुख दिलीप वाडिवा ने एकल ग्रामोत्थान की संरचना रखी। कार्यक्रम का संचालन बरमान समिति सदस्य दिनेश दुबे ने किया।

सर्वप्रथम मां भारती एवं सरस्वती जी की पूजा अर्चना मातृशक्ति द्वारा की। इसके पश्चात सभी अतिथियों ने अपने अपने वक्तव्य रखे। इसके बाद फीता खोलकर मशीनों की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम में बरमान केंद्र समिति अध्यक्ष हेमेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष नरेश पांडे वरिष्ठ पत्रकार मोतीलाल चौरसिया समिति सदस्य रामनारायण गब्बू सोनी का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में करेली केंद्र की सिलाई प्रशिक्षिका गीता कुशवाहा, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षिका माधुरी घोसी, बरमान सिलाई प्रशिक्षिका रोशनी अवस्थी, सीटीएल ट्रेनर सुदर्शन रैकवार एवं केंद्र समन्वयक रितिक परिहार, अंकित एवं एकल अभियान संच प्रमुख गोविंद जी, आचार्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में समिति सदस्य रामनारायण सोनी ने सभी का आभार प्रकट किया और स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### नाम सुधार सूचना

मैं शपथकर्ता संजय नीखरा आ. श्री महेश प्रसाद नीखरा, देलाखारी जिला छिदवाड़ा का निवासी हूं। मेरे पुत्र वंश नीखरा का जन्म दिनांक 10-12-2014 को हुआ है, जिसका पंजी. क्रमांक 2290 व दिनांक 19-12-14 है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम बृजमोहन दर्ज है जो कि घरू व प्रचलित नाम है। वंश व बृजमोहन दोनों ही नाम मेरे ही पुत्र के नाम हैं। मुझे मेरे पुत्र वंश नीखरा पिता संजय नीखरा व माता श्रीमति ज्योति नीखरा का नाम दर्ज कर डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे, जिससे भविष्य में उसका नाम वंश नीखरा पढ़ा एवं लिखा जावे। इस हेतु शपथ पत्र पेश किया है।

**शपथकर्ता - संजय नीखरा, देलाखारी जिला छिदवाड़ा**

# जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक नौ को

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिला पंचायत अनूपपुर की सामान्य सभा की बैठक, जो पूर्व में 27 जून को निर्धारित थी, अब अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई थी।

इस बैठक को पुनः निर्धारित करते हुए अब 9 जुलाई दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने सभी संबंधित सदस्यों से नियत दिनांक, समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है। सीईओ श्री शर्मा ने बताया कि बैठक में 20 एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी। साथ ही, अध्यक्ष की अनुमति से अन्य आवश्यक विषयों को भी बैठक में सम्मिलित कर विचार-विमर्श किया जा सकता है।


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए